सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 123 | इंदौर, गुरुवार 09 नवंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **MP Election 2023:** पीएम मोदी बोले- देश में खुशी की लहर है, मैं जहां भी जाता हूं राम मंदिर की चर्चा होती है
2. **Lucknow News :** यूपी में ट्रांसजेंडरों को आरक्षण दिए जाने की तैयारी, जिलों में कराया जा रहा सर्वे

चुनावी चर्चा

DGR@ एल.एन. उग्र

### इंदौर की अयोध्या...

# राजा की कोशिश... राजा कहलाए...?

इंदौर की जब भी चर्चा होती है...तो राजनीति के मान से... इसे अयोध्या के नाम से जाना जाता है... जो विधानसभा चार कहलाती है... यहां से कांग्रेस की ओर से...कइयों ने ताल ठोकी... लेकिन अयोध्या पर गौड परिवार की...जीत होती आई है...। जहां लखन गौड...ने इसे अयोध्या कहा...वहीं मालिनी गौड ने इसका नेतृत्व किया... और अभी वे ही विधायक भी हैं...।



इस बार कांग्रेस की ओर से... राजा मांधवानी को... आगे किया गया है... सिंधी वोट की बहुलता के कारण...उन्हें मौका मिला है... राजनीतिक रूप से पक्की पकड़...प्रमाणित कर कांग्रेस का टिकट... वे लेकर आए... और अपने सिंधी समाज,कांग्रेस कार्यकर्ताओं की नई पुरानी... टीम के सहारे...अपनी सामाजिक सेवा को...आधार मानकर... वह अयोध्या पर परचम लहराने का... यहां के राजा कहलाने का... स्वप्न लेकर राजा माधंवानी... अयोध्या कहलाने वाले... चार नंबर विधानसभा क्षेत्र का... समीकरण अपने पक्ष में बनाने के लिए... सतत जन संपर्क के माध्यम से सक्रिय हैं...यहां लंबे समय से भाजपा का प्रतिनिधित्व होने से... दूसरे दलों ने यहां से हूँकार भरना... महज औपचारिकता मान लिया है... इस बार 'आप' ने भी हूँकार भरी है...डॉक्टर पीयूष जोशी के रूप में...वे यहां से 'आप' के प्रत्याशी हैं...।

समीकरण क्या होंगे... यह अलग बात है... लेकिन श्री माधंवानी के साथ संपर्क करने पर... जो जानकारी है...वह यह है ...वह मानते हैं कि... और कहते भी है कि...उनके क्षेत्र में गुंडागर्दी... चंदा वसूली... की राजनीति होती रही है...व्यापारी वर्ग सहित... अन्य वर्ग भी पीड़ित है...अगर मुझे सेवा का मौका दिया तो... यहां से चंदा वसूली और गुंडागर्दी से मुक्त करूंगा... यदि बात करें कार्यकर्ता और अन्य लोगों से चर्चा की तो... यह पाया कि लोग परिवर्तन के लिए... शायद कुछ उत्साहित भी हैं... । उनके क्षेत्र को अयोध्या कहा जाता है... इस पर उनका मानना और कहना है... कि राम के बिना कैसी अयोध्या...? अयोध्या के नाम को सार्थक करने के लिए...अयोध्या कहलाने वाले विधानसभा क्षेत्र में... भव्य राम मंदिर का निर्माण करवाऊंगा...।

कुछ बातें आम नेता से हट कर वे कह रहे हैं...आमतौर पर विधायक बनने के बाद... विधायक को ढूंढना... उनसे मिलना...बड़ा कठिन काम होता है...इस पर भी उनका स्पष्ट मानना है...जनता को विधायक के चक्कर न लगाने पड़े... इसलिए हर वार्ड में... एक नया प्रयोग के तहत...हर वार्ड में विधायक प्रतिनिधि... और कार्यालय होगा...जो समस्या समाधान में जनता की सहायता करेंगे...। हटकर क्या करेंगे...? इस पर उनका मत इस प्रकार था... कि इस पूरे क्षेत्र में एक भी... मुक्तिधाम नहीं है...?जनता काफी परेशान होती है...मैं यदि विधायक बना... तो प्राथमिकता से इस क्षेत्र में...मुक्तिधाम तैयार करवाऊंगा...।

अन्य कार्यों में जो महसूस हमने किया... उनकी प्राथमिकता सुनियोजित विकास की योजना है... हर वार्ड में आदर्श क्लिनिक... आदर्श स्कूल... स्पोर्ट्स कांपलेक्स... जमीनों को कब्जे से मुक्त करवाना... बदहाल सड़कों का निर्माण... पानी की समस्या का समाधान... चाट चौपाटी की भी योजना है... जहां ठेले खोमचे वाले... सम्मान से व्यवसाय कर सकें...जल जमाव की समस्या का निदान भी... प्राथमिकता है...।

अंत में उनका यह मानना महत्वपूर्ण है कि... इस क्षेत्र में चाहे अस्पताल ना खुले हो... लेकिन शराब की दुकान अवश्य ही खुली है... ।जीत के प्रति वह पूर्ण रूप से संपर्क के दौरान...आशावान दिख रहे हैं... देखना है, जनता पुरानी परिपाटी को निभाती है... या परिवर्तन कर... राजा माधंवानी ...को अयोध्या कहलने वाली... विधानसभा चार का प्रतिनिधि चुनती है...?

शेष फिर...

### सीएम का कमलनाथ और दिग्विजय सिंह पर तंज

# प्रदेश में दो धृतराष्ट्र बेटों को स्थापित करने मेंलगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सेंधवा। कौरवों में एक धृतराष्ट्र थे, जो अपने पुत्र के प्रेम में अंधे हो गए थे, लेकिन मध्य प्रदेश में दो-दो धृतराष्ट्र हैं। एक कमलनाथ एक दिग्विजयसिंह। ये दोनों अपने बेटे को स्थापित करने में लगे हैं। उनके लिए सिर्फ बेटे हैं, लेकिन मेरे लिए मध्य प्रदेश के करोड़ों बेटे बेटियां हैं।**



यह बात सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कही। सीएम बुधवार को विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए सेंधवा विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। उन्होंने चाचरिया गांव में चुनावी सभा को संबोधित किया। तय कार्यक्रम से करीब 2 घंटे लेट 12.55 पर सीएम हेलीकॉप्टर से चाचरिया पहुंचे।

### अधर्म की लड़ाई लड़ते हैं कौरव

यहां उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने हमको भाजपा के 5 पांडव कहा। मतलब उन्होंने मान लिया कि वो कौरव हैं। पांडव न्याय की लड़ाई अधर्म के खिलाफ लड़ते हैं। जबकि कौरव अधर्म की लड़ाई लड़ते हैं।

### कांग्रेस में पानी नहीं बचा

सीएम ने सभा में सबसे पहले आदिवासी क्रांतिकारी योद्धाओं के चित्रों पर माल्यार्पण करने के बाद कन्या पूजन किया। विधानसभा के 6 मंडल के अध्यक्ष ने सीएम को तीर कमान भेंट कर और बड़ा फूलों का हार पहनाकर स्वागत किया। सीएम ने सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर तंज कसा। सरकार की लाड़ली बहना योजना की तारीफ की। सीएम में मंच से कहा कि भाजपा प्रत्याशी अंतरसिंह आर्य सेंधवा में नर्मदा का पानी लाने के लिए बोलते थे, इसकी योजना बन गई है। सेंधवा में नर्मदा का पानी लाना अब मेरा भी संकल्प है। यहां के किसानों को नर्मदा का पानी मिलेगा। कांग्रेस ने पानी नहीं दिया क्यों कि कांग्रेस में पानी बचा नहीं तो किसानों को कहां से देगी। बिना पानी के कांग्रेस हो गई।

# राहुल गांधी आज जबलपुर में करेंगे रोड शो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी विधानसभा चुनाव को लेकर पहली बार महाकौशल आ रहें है। गुरुवार 9 नवंबर को कांग्रेस नेता राहुल गांधी जबलपुर आ रहें है। यहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद राहुल गांधी रात्रि विश्राम जबलपुर में करेंगे, और फिर शुक्रवार की सुबह सतना के लिए रवाना होंगे। राहुल गांधी के जबलपुर दौरे को लेकर पुलिस-प्रशासन और कांग्रेस तैयारी में जुट गई है। राहुल गांधी गुरुवार को जिले की तीन विधानसभा में रोड शो करेंगे।

जानकारी के मुताबिक राहुल गांधी भोपाल से स्पेशल विमान से दोपहर 3:30 बजे डुमना जबलपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। जहां पर की कांग्रेस के नेता उनका स्वागत करेंगे। करीब 10 मिनट तक एयरपोर्ट में रुकने के बाद राहुल गांधी शाम 4:15 बजे पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के पंडा की मडिया गढ़ा से अपना रोड शो शुरू करेंगे। राहुल गांधी के साथ पश्चिम विधानसभा से प्रत्याशी तरुण भनोत सहित कांग्रेस के दिग्गज नेता भी मौजूद रहेंगे। राहुल गांधी का यह रोड शो पश्चिम विधानसभा से शुरू होकर उत्तर मध्य विधानसभा के लेबर चौक में खत्म होगा।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी इसके बाद उत्तर विधानसभा के लेबर चौक से ही पूर्व विधानसभा क्षेत्र के कांचघर चौक तक प्रत्याशी लखन घनघोरिया के लिए रोड शो करेंगे। कांचघर चौक पहुंचने के बाद राहुल गांधी शाम करीब 5:30 बजे मीटिंग में हिस्सा लेंगे। बताया यह भी जा रहा है कि राहुल गांधी गुरुवार को जबलपुर में ही विश्राम करने के बाद शुक्रवार की सुबह सतना रवाना हो जाएंगे।

# पिछले पांच वर्ष से काम कर रही है कंपनी ने अभी तक कार्य पूरा नहीं किया

## अभी डलना है 7 किलो मीटर पाइप लाइन और होना है एक हजार कनेक्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अमृत प्रोजेक्ट के तहत शहर में नर्मदा पाइप पानी सप्लाय पाइप लाइन डालेन का काम मेसर्स एलएंडटी लिमिटेड कंपनी चेन्नई कर रही है। पिछले पांच वर्ष से कंपनी यह काम कर रही है जो कि अभी तक पूरा नहीं हुआ है। अभी भी 7 किलो मीटर पाइप लाइन डालने के साथ एक हजार कनेक्शन एलएंडटी कंपनी को करना है। इस काम को तीन दिन में पूरा करने का अल्टीमेंटम कंपनी को दिया गया है, क्योंकि 10 कंपनी नवंबर तक की टाइम लिमिट रखी गई है। कंपनी के काम की चाल को देखते हुए लगता नहीं कि तीन दिन में काम रहा है पूरा होगा। अगर काम पूरा नहीं हुआ तो आगामी कार्रवाई निगमायुक्त स्तर पर की जाएगी।**

शहर में अमृत प्रोजेक्ट के तहत बनी पानी की टंकियों से लोगों के घरों तक नल में पानी पहुंचाने के लिए सप्लाय पाइप लाइन डालने और कनेक्शन करने का ठेका एलएंडटी कंपनी को दिया गया है। वर्ष 2018 में यह ठेका दिया गया, लेकिन पांच वर्ष में भी कंपनी अपना काम पूरा नहीं कर पाई। एलएंडटी कंपनी को नर्मदा सप्लाय की 1020 किलो मीटर तक पाइप लाइन डालने का ठेका दिया गया जिसको अभी भी 7 किलो मीटर लाइन डालने के साथ एक हजार कनेक्शन करना है। इस काम को 10 नवंबर तक पूरा करने की समय सीमा रखी गई हैं , जो कि तीन दिन बाद पूरी हो जाएगी।

### लाइन डालने काम मार्च 2019 तक पूरा हो जाना था

यह देखते हुए निगम जलप्रदाय विभाग के अफसरों ने कंपनी को तीन दिन में काम पूरा करने का अल्टीमेटम दिया है। साथ ही तय समय में काम पूरा न होने पर अफसरों ने पैनल्टी लगाने की बात कही है। मालूम हो कि पाइप लाइन डालने काम मार्च 2019 तक पूरा हो जाना था, लेकिन एलएंडटी अपने काम में तेजी नहीं लाई और तय समय में काम पूरा नहीं हुआ और वर्ष 2023 आ गया जो कि एक महीने बाद खत्म हो जाएगा।

### लग चुकी है 15 करोड़ रु की पेनल्टी

एलएंडटी कंपनी पर निगम अभी तक 15 करोड़ रुपए की पैनल्टी लगा चुका हैं। बावजूद इसके कंपनी के काम में तेजी नहीं आई और 7 किलो मीटर लाइन डालने का काम बाकी है। गौरतलब है कि काम में लापरवाही और लेटलतीफी के चलते निगम रोजाना कंपनी पर पैनल्टी लगा रहा है बावजूद इसके कंपनी पर असर नहीं हो रहा और काम में सुधार नहीं किया जा रहा है, क्योंकि शहर में नर्मदा की पाइप लाइन डालने के लिए खोदे गए गड्ढे भरने का काम भी सही तरीके से नहीं कर रही है। इस कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ । गड्ढों को ठीक से भरने को लेकर निगमायुक्त कई बार निर्देशित कर चुकी हैं, लेकिन उनके आदेश का पालन नहीं हो रहा है।

# जो वोट डालेगा उसे मिलेगा आकर्षक डिस्काउंट...

## ◆ निगम अधिकारियों और व्यापारियों के बीच हुई बैठक में हुआ निर्णय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । जिस तरह से इंदौर स्वच्छता में नंबर वन है उसी तरह इस बार विधानसभा चुनाव में इंदौर मतदान में अव्वल आए, इसके लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शहर के शॉपिंग मॉल, होटल, रेस्टोरेंट, 56 दुकान और प्रमुख बाजारों के व्यावसायिक संगठनों की एक बैठक बुलाई गई। इसमें पहुंचे व्यापारियों से आग्रह किया गया कि मतदान करने वाले को प्रोत्साहित करने को लेकर आकर्षक डिस्काउंट दिया जाए। इस पर व्यापारियों ने हामी भरी है।**

विधानसभा चुनाव के चलते इंदौर शहर और ग्रामीण में अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए निर्वाचन आयोग, जिला प्रशासन और नगर निगम सहित अन्य सरकारी दफ्तर वोट डालने की अपील करने के साथ जागरुकता अभियान चला रहे है। स्वच्छता की तरह इंदौर मतदान में भी नंबर वन आए इसके लिए कल सिटी बसऑफिस में निगमायुक्त हर्षिका सिंह ने एक बैठक रखी।



### बैठक विभिन्न संस्थाओं के व्यापारियों ने भाग लिया

इसमें शहर के व्यावसायिक संस्थानों के मालिकों और संगठनों के पदाधिकारियों को बुलाया गया। इसके चलते बैठक में शहर के शॉपिंग मॉल, होटल, रेस्टोरेन्ट, 56 दुकान, सराफा चौपाटी,जेलरोड सहित शहर के प्रमुख बाजारों के व्यापारी सहित मल्टी फ्लैक्स के प्रबंधक शामिल हुए। बैठक में निगमायुक्त सिंह ने कहा कि इंदौर शहर में अधिक से अधिक मतदान हो इसमें आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। आप अपने-अपने संस्थानों संगठनों के माध्यम से आपके यहां आने वाले ग्राहकों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही मतदान करने वाले को प्रोत्साहित करने के लिए आकर्षक डिस्काउंट सुविधा दें ताकि इंदौर शहर स्वच्छता के साथ ही मतदान में भी नंबर वन शहर बन सके। इस व्यापारियों ने हामी भरने के साथ अपने-अपने हिसाब से मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करने का वादा किया।

### सफाईकर्मी करेंगे वोट डालने की अपील

नगर निगम के सफाईकर्मी आज मतदान जागरूकता रैली निकालेंगे। यह रैली निगम मुख्यालय से शाम 4 बजे के आसपास शुरू होगी जो कि एमजी रोड होते हुए गांधी हॉल पर समाप्त होगी। रैली में शामिल सफाईकर्मी विधानसभा चुनाव के चलते 17 नवम्बर वोट डालने की अपील लोगों से करेंगे। साथ ही मतदान करने को लेकर लिखे स्लोगन की पट्टिका हाथ में लेकर सफाईकर्मी चलेंगे।

# मतदान के दिन 17 नवम्बर को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 कार्यक्रमानुसार 17 नवम्बर, 2023 को मतदान होगा। निर्वाचन की प्रक्रिया में अपना मत देना हर मतदाता का अधिकार है इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिये मतदाताओं को मतदान की सुविधा देने के लिये राज्य शासन द्वारा अधिसूचना जारी कर परक्राम्य लिखित अधिनियम (निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट) के तहत राज्य शासन द्वारा अवकाश घोषित किया गया है। संपूर्ण मध्यप्रदेश में विधानसभा आम चुनाव 2023 के सिलसिले में 17 नवम्बर 2023 (शुक्रवार) को मतदान के लिये सार्वजनिक अवकाश का दिन होगा। उक्त संबंध में श्रम आयुक्त मध्यप्रदेश द्वारा भी परिपत्र जारी कर अवकाश संबंधी निर्देश प्रसारित किये गये है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी द्वारा आदेश जारी कर इन्दौर जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान की सुविधा प्रदान किये जाने के लिये सभी शासकीय/अर्द्धशासकीय, औद्योगिक, व्यवसायिक एवं निजी संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि वे उनके संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों को मतदान की सुविधा प्रदान किये जाने के लिये उक्त दिनांक का सवैतनिक अवकाश देवें।

जिले के सभी अनुविभागीय दंडाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्रान्तर्गत उक्त आदेश की पालना सुनिश्चित कराएं। यदि किसी संस्थान द्वारा आदेश का उल्लंघन किया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही प्रस्तावित करें।

## कटाक्ष




## महंगाई का असर

# चुनावी टोपी, टीशर्ट, झंडा , थैला सब कुछ मंहगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों को प्रचार सामग्री सोच-समझकर खरीदनी पड़ रही है। चुनाव सामग्री पर भी महंगाई की मार पड़ी है। सामग्री के दाम 25 फीसदी तक बढ़ गए हैं। हालात ये है कि झंडे की साइज भी घटाना पड़ रहा है। नेताजी की सबसे प्रिय टोपी के दाम बढ? से भी खपत कम हो गई है।

विधानसभा चुनाव में जहां भाजपा-कांग्रेस के लिए कुछ चुनाव सामग्री पार्टी स्तर पर राष्ट्रीय कार्यालय एवं प्रदेश कार्यालय से भी प्राप्त होती है। प्रत्याशियों को स्वयं भी प्रचार सामग्री खरीदना पड़ती है। प्रचार सामग्री मध्य प्रदेश के अनेक शहरों में विक्रय हेतु मिल जाती है। इसके अलावा एजेंट भी चुनाव सामग्री बेचने के लिए घूमते रहते हैं।

महंगाई की वजह से झंडे की कीमत में ज्यादा इजाफा न करके उसकी साइज छोटी कर दी गई है। 20 गुणा 30 सेमी आकार का झंडा पहले पांच और छह रुपये के बीच आता था। इसकी कीमत अब आठ से दस रुपये हो गई है। पुरानी कीमत पर साइज को कम कर 20 गुणा 27 सेमी आकार किया गया है। 26 गुणा 42 का झंडा 13 रुपये का आता था। इसकी कीमत 18 रुपये हो गई है। पुरानी कीमत पर साइज को 26 गुणा 42 कर दिया है। 40 गुणा 80 का झंडा 70 रुपये के स्थान पर 90 रुपये हो गया है। पुरानी कीमत पर साइज को कम करके 40 गुणा 58 कर दिया गया है। 60 गुणा 90 आकार का झंडा 150 से 200 रुपये तक में बेचा जा रहा है।

सबसे अच्छी टोपी 10 से 20 रुपये में बेची जा रही है। थोक में सभी पार्टियों के झंडे भी बिकते हैं, लेकिन इनकी कीमत में इजाफा न करके इनकी साइज पर कैंची चला दी है। चुनाव में हर प्रत्याशी अपने कार्यकतार्ओं के साथ समर्थकों को थोक में टोपी और झंडे बांटने का काम करता है। इस बार कम कीमत वाली टोपी तीन से पांच और कुछ अच्छी क्वालिटी वाली टोपी छह से दस रुपये तक में उपलब्ध है। पिछले चुनाव में टी-शर्ट 100 रुपये से कम की थी, लेकिन इस बार इसके दाम बढ़ गए हैं। जो टी शर्ट 80 से 90 रुपये में मिलती थी, वह अब 100 से 150 रुपये की हो गई है। अच्छी टी-शर्ट 150 से 200 रुपये तक में बिक रही है। 15 गुणा 16 इंच का थैला पहले 15 रुपये में उपलब्ध था। यह अब 20 रुपये का हो गया है। महिलाओं के लिए कई तरह की सामग्री आई है, जिसमें दुपट्टा महंगा हो गया है।

# मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण प्रारंभ-पहले दिन चार हजार अधिकारी/कर्मचारियों को किया गया प्रशिक्षित

## कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने प्रशिक्षण में पहुंचकर लिया जायजा, डाक मतपत्र से मतदान भी हुआ प्रारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर जिले में मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण आज से प्रारंभ हो गया है। होलकर कॉलेज में यह प्रशिक्षण 11 नवंबर तक चलेगा। प्रशिक्षण के पहले दिन आज मतदान दलों में नियुक्त चार हजार अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी ने प्रशिक्षण में पहुंचकर प्रशिक्षण का जायजा लिया। प्रशिक्षणरत अधिकारी/कर्मचारियों से चर्चा की और उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी और इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार तथा प्रशिक्षण प्रभारी डिप्टी कलेक्टर श्री सुदीप मीणा भी मौजूद थे।**

प्रशिक्षण के दौरान आज से डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान का काम भी शुरू हो गया है। प्रशिक्षण में बताया गया कि सामग्री वितरण हेतु मतदान दलवार टेबिल लगाये जायेगे। सेक्टर ऑफिसर अपने सेक्टर के मतदान केंद्र में लगने वाले दलों से संपर्क कर कम्युनिकेशन हेतु उनके मोबाइल नंबर आदि प्राप्त कर लेंगे। सामग्री प्राप्त करने के पश्चात सामग्री का मिलान करा लें तथा ईव्हीएम, बीयू, सीयू एवं वीवीपेट के नंबर आदि मतदान केंद्रवार नोट करें। प्रशिक्षण में मतदान कर्मियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया।

इंदौर जिले में आगामी 17 नवम्बर को सुव्यवस्थित रूप से मतदान कराने के लिये मतदान दलों का गठन किया गया है। मतदान दलों में लगे पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारियों



और माइक्रो आब्जर्वर मिलाकर 11 हजार से अधिक अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। पहले दिन आज चार हजार अधिकारी/कर्मचारी प्रशिक्षित किये गये। इन्हें 80 मास्टर ट्रेनर्सों ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण 32 कमरों में एक साथ शुरू किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिदिन दो सत्रों में आयोजित होगा। पहला सत्र सुबह 10 से दोपहर 1:30 बजे तक तथा दूसरा सत्र दोपहर 2:30 बजे से शाम 6 बजे तक चल रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी ने निर्देश दिये है कि मतदान दलों में नियुक्त सभी अधिकारी/कर्मचारी प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे। मतदान दलों को सेद्धांतिक और व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मतदान दलों को मतदान कराने के प्रकिया, उनके अधिकार-कर्तव्य, मतदान संबंधी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों, मतदान संबंधी नियम और कानूनों आदि के बारे मे विस्तार से जानकारी दी जा रही है।

### प्रशिक्षण स्थल पर मतदान की सुविधाजनक व्यवस्था

विधानसभा निर्वाचन के मतदान दलों मे नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी, सेक्टर अधिकारी, बीएलओ, ड्रायवर, कंडक्टर आदि के लिये डाक मतपत्र से अपना मतदान हेतु सुविधाजनक व्यवस्था प्रशिक्षण स्थल पर की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी के निर्देशन में विधानसभा क्षेत्रवार फेसिलिटेशन सेंटर बनाये गये हैं।

आज से डाक मतपत्र से मतदान की कार्यवाही प्रारंभ हुई जो 11 नवम्बर तक सुबह 9 बजे शाम 5 बजे तक चलेगी। प्रशिक्षण स्थल पर विधानसभा क्षेत्र देपालपुर, इंदौर-1 तथा इंदौर-2 का फेसिलिटेशन सेंटर ग्राउंड फ्लोर (भू-तल) पर बनाया गया है। इसी तरह इंदौर-3, इंदौर-4, इंदौर-5 तथा विधानसभा क्षेत्र महू का फेसिलिटेशन सेंटर फर्स्ट फ्लोर (प्रथम मंजिल) पर बनाया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र राऊ और सांवेर का फेसिलिटेशन सेंटर सेकंड फ्लोर (द्वितीय मंजिल) पर रहेगा।

पुलिस अधिकारी/कर्मचारी 09 नवम्बर 2023 से 11 नवम्बर 2023 तक समय प्रातः 09 से 12 बजे तक मतदान फेसिलिटेशन सेंटर में कर सकेंगे। ऐसे कर्मचारी जिनकी निर्वाचन ड्यूटी इंदौर से भिन्न जिलों में लगी है, परंतु वे वोटर इंदौर जिले के है, वे भी 09 नवम्बर 2023 से 11 नवम्बर 2023 के बीच उक्त फेसिलिटेशन सेंटर में वोट डाल सकेंगे।




# विद्यार्थियों ने गांव में पहुंचकर ग्रामीणों को मतदान के लिये किया प्रेरित

**इंदौर।** इंदौर जिले में विद्यार्थी मतदाता जागरूकता के लिये कॉलेजों से निकलकर अब गांवों में भी पहुंच रहे हैं। इंदौर जिले में 17 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिये मतदाताओं को लगातार जागरूक किया जा रहा है। कॉलेजों में विशेष रूप से कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी सिलसिले में एसजेएचएस गुजराती इनोवेटिव कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस की एनएसएस यूनिट द्वारा गोद गांव तोड़ी में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य गांव में समस्त मतदाताओं को वोट देने हेतु जागरूक करना था।

शिविर में 57 स्वयंसेवको/सेविकाओं ने मिलकर रैली के माध्यम से गांव में सभी मतदाताओं को वोट देने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। साथ ही घरों में जाकर मतदान हेतु ग्रामीणों को प्रेरित किया। शिविर में जाने के पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सौरभ परीख एवं एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर डॉ. सीमा सिंह ने स्वयंसेवक तथा सेविकाओं को संबोधित किया।

# दीपावली एवं विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर बंद रहेंगी अनाज एवं सब्जी मण्डी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर में दीपावली एवं विधानसभा निर्वाचन को देखते हुये लक्ष्मीबाई नगर, संयोगितागंज (छावनी) अनाज मण्डी और देवी अहिल्याबाई होलकर फल एवं सब्जी मण्डी निर्धारित दिनों में बंद रहेगी। इन मण्डियों में मुहूर्त की नीलामी की तारीख भी तय कर दी गई है। सहायक संचालक एवं सचिव कृषि उपज मंडी ने बताया कि लक्ष्मीबाई नगर मंडी 9 नवम्बर से 14 नवम्बर 2023 तक बंद रहेगी। 15 नवम्बर बुधवार को प्रातः 08:31 बजे मुहूर्त नीलामी कार्य प्रारंभ होगा। मंडी 16 नवम्बर एवं 17 नवम्बर 2023 को भी बंद रहेगी। इसी प्रकार संयोगितागंज (छावनी) मंडी में 10 नवम्बर से 17 नवम्बर 2023 तक अवकाश रहेगा एवं 18 नवम्बर 2023 को प्रातः 08:31 पर मुहूर्त नीलामी कार्य प्रारंभ होगा। बताया गया कि देवी अहिल्याबाई होलकर फल एवं सब्जी मंडी प्रांगण में आलू प्याज सेक्टर में 12 नवम्बर से 14 नवम्बर तक कार्य बंद रहेगा। यहां 15 नवम्बर 2023 को प्रातः 10:51 पर मुहूर्त नीलामी कार्य प्रारंभ होगा। सब्जी, फल एवं फूल सेक्टर 13 नवम्बर 2023 को बंद रहेगा तथा मतदान होने से 17 नवम्बर 2023 को संपूर्ण मंडी प्रांगण में अवकाश रहेगा। कृषकों से आग्रह किया गया है कि असुविधा से बचने के लिये वे अवकाश के दिनों में अपनी उपज लेकर नहीं आयें। मण्डियां 18 नवम्बर से पूर्ववत चालू रहेंगी।

# मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने पर 30 वाहनों पर कार्रवाई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर एवं संभागीय परिवहन सुरक्षा स्क्वाड इंदौर द्वारा मोटरयान अधिनियम तथा आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन करने 30 से अधिक वाहनों पर कार्यवाही कर 65 हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया।

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर एवं संभागीय परिवहन सुरक्षा स्क्वाड इंदौर द्वारा आदर्श आचार संहिता के बारे में वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है। उल्लंघन करने वाले विभिन्न वाहनो पर कार्यवाही भी की जा रही है। वाहनो पर अवैधानिक रूप से लगे राजनीतिक चिन्ह वाले बेनर पोस्टर को भी हटवाया जा रहा है। लोक परिवहन वाहनों बसों में अधिक किराया लेने पर भी कार्यवाही की जा रही है। वाहनों की गति, चालाक, परिचालक के व्यवहार के संबंध में सवारियों से फीडबैक भी लिया जा रहा है।

होलकर साइंस कॉलेज में निर्वाचन कार्य में ड्यूटी पर लगाये गए ड्राइवर एवं हेल्पर को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु 691 लोगो को नियुक्ति आदेश जारी किए गए। इनमें से 140 ड्राइवर / हेल्पर अन्य जिलों के थे तथा 551 इंदौर जिले के थे। ड्राइवर/हेल्पर ने अत्यंत उत्साह से मतदान में भाग लिया।

# नेशनल लोक अदालत 9 दिसम्बर को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कार्यपालक अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के आदेशानुसार 09 दिसम्बर 2023 को समस्त न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खण्डपीठ के प्रशासनिक न्यायाधिपति श्री एस.ए. धर्माधिकारी के निर्देशन में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में यह लोक अदालत 09 दिसम्बर (शनिवार) को आयोजित होगी।

प्रिंसिपल रजिस्ट्रार एवं सचिव उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति खण्डपीठ इंदौर श्री अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि समस्त पक्षकारों एवं अधिवक्तागणों से अनुरोध किया गया है कि उपरोक्तानुसार उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से सुलह एवं समझौते के आधार पर निराकृत करायें। इसके लिये मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ इंदौर में प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, ओ.एस.डी/रजिस्ट्रार, रजिस्ट्रार (एम), ज्वाईन्ट रजिस्ट्रार, संबंधित सेक्शन एवं विधिक सहायता अधिकारी, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति इंदौर से संपर्क कर अपने प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में रखने हेतु आवेदन/सूचना दे सकते है। लोक अदालत के माध्यम से प्रकरण का निराकरण होने पर शासन द्वारा अदा की गई कोर्ट फीस वापसी का भी प्रावधान है।

# बैंकों में संदेहजनक लेन-देन/खातों से 10 लाख रूपये से अधिक के समस्त प्रकार के बैंक व्यवहार की जानकारी होगी प्रतिदिन संकलित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** व्यय प्रेक्षक द्वारा दिए गए निर्देशानुसार विधानसभा आम निर्वाचन 2023 अन्तर्गत निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान बैंकों से किये गए संदेहजनक समस्त लेन-देन एवं बैंक खातों से राशि 10 लाख रूपये से अधिक के समस्त प्रकार के बैंक व्यवहार की जानकारी प्रतिदिन संकलित होगी। इस संबंध में लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया गया है कि इस संबंध में जानकारी बैंकों से प्राप्त एवं एकजाई कर प्रतिदिन ईमेल पर निर्वाचन के संबंध मे गठित व्यय लेखा शाखा एवं आयकर विभाग के ईमेल पर भेजना सुनिश्चित करें।

# कांग्रेस और बीजेपी की सरकारों ने आरक्षण का कोटा कभी पूरा नहीं किया

## सतना में बसपा सुप्रीमो मायवती की सभा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती आज सतना पहुंची। वहां बीटीआई मैदान में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ह्यआपकी पार्टी मप्र के चुनाव में पूरी ताकत तैयारी और दमदारी से लड़ रही है। हमारा किसी से कोई समझौता नहीं है। बसपा को कामयाब बनाने के लिए कुछ जरूरी बातों की तरफ ध्यानाकर्षण कराना चाहती हूं।**

प्रदेश में विभिन्न दलों की पार्टियों की सत्ता रही है लेकिन किसी भी दल ने सर्व समाज, गरीबों, आदिवासियों, किसानों और छोटे व्यापारियों का कभी विकास नहीं किया। खासकर दलितों आदिवासियों और अन्य पिछड़े वर्ग के लोगों को यह बताना जरूरी है कि बाबा साहब के प्रयासों से लाभ मिला है। अब तमाम दलों की सरकार इसे खत्म करने की कोशिश कर रही है।

### पिछली सरकारों ने आरक्षण का कोटा पूरा नहीं किया

कांग्रेस और बीजेपी की सरकारों ने आरक्षण का कोटा कभी पूरा नहीं किया। यही स्थिति मप्र में भी देखने को मिल रही है। निजी क्षेत्रों में भी आरक्षण का ध्यान दिए बगैर सरकार काम कर रही हैं। इससे दलित आदिवासी और अन्य पिछड़े वर्गों को भी बहुत नुकसान हो रहा है। मंडल कमीशन के अनुरूप लाभ नहीं मिल रहा है।




### भ्रष्टाचार से अछूता नहीं मप्र

भ्रष्टाचार से भी आपका प्रदेश अछूता नहीं रह गया है, इसके लिए सभी विरोधी पार्टियां सत्ता में रही हैं। ये सरकारें पूनीपतियों धन्नासेठों के ही हित में रही हैं। उन्हें फायदा पहुंचाने के हिसाब से अपनी नीतियां बनाती हैं। जिसके कारण अभी भी सर्व समाज के लोग परेशान हैं। देश में अकेली बसपा ही ऐसी पार्टी है जो धन्नासेठों की मदद से नहीं अपनी पार्टी के कार्यकतार्ओं की मदद से चुनाव लड़ती है ताकि बिना किसी के दबाव में आए सर्व समाज के हित की बात कर सके। इसी के बूते यूपी में बसपा ने 4 बार सरकार बनाई है। दलित, पिछड़े ,आदिवासियों, मुस्लिमों के हितों को हमेशा ध्यान में रखा है। गरीब बेरोजगारों को मामूली भत्ता देने के बजाय हमने स्थायी-अस्थायी रोजगार, भूमिहीनों को भूमि दी है, आवासहीनों को सरकारी खर्चे पर पक्के मकान दिए हैं। महिलाओं बुजुर्गों के हित में भी अनेकों कार्य किये हैं। दलित व पिछड़े वर्ग में जन्मे महापुरुषों को पूरा आदर सम्मान दिया है।

# पुलिस को देखकर बाइक भगाई

## ◆ बैरिकेड्स में जा घुसे, एक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। आगर रोड पर राघवी थाना क्षेत्र में नाकोड़ा पेट्रोल पंप के सामने पुलिस चेकपोस्ट पर बाइक सवार दो लोग बैरिकेड्स में जा घुसे। हादसे में बाइक पर पीछे बैठे 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। बाइक चला रहे उसके चचेरे भाई की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

दुर्घटना मंगलवार रात को घट्टिया के समीप हुई। नलखेड़ा के ग्राम देहरी गुराडी के रहने वाले नवीन पिता प्रेमनारायण मेघवाल उम्र 14 साल की दुर्घटना स्थल पर ही मौत हो गई। उसके साथ मौजूद बड़े पापा का बेटा राहुल मेघवाल की भी हालत गंभीर है। जिला अस्पताल में उसका उपचार किया जा रहा है। परिजनां ने बताया कि मृतक नवीन के पिता प्रेमनारायण एक साल से नानाखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित बसंत विहार कॉलोनी में बिल्डर के अधीन निमार्णाधीन मकान में चोकीदार हैं। वह माता-पिता के साथ एक साल से उज्जैन में ही रहता है। दो दिन पहले भाई के साथ नलखेड़ा स्थित अपने गांव गया था। इसी दौरान घट्टिया के समीप चेक पोस्ट पर पुलिस का चेकिंग अभियान चल रहा था। वे पुलिस को देखकर हड़बड़ा गए। बाइक की गति भी तेज थी। वे ट्रक के बराबर रोड पर चल रहे थे। चेकपोस्ट पर ट्रक तो रूक गया लेकिन अंधेरा होने से सामने बैरिकेड्स नहीं दिखा और बाइक सवार चचेरे भाई उससे टककरा गए। स्पीड तेज होने के कारण जोरदार टक्कर हुई। 14 साल के किशोर नवीन के सिर में गहरी चोंट लगने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। चेकपोस्ट पर मौजूद पुलिस ने एंबुलेंस बुलाई और दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मामले में जांच की जा रही है।

## सांसद विवेक तन्खा का बयान ...

# भाजपा अपने सर्वे में 40 सीट पर सिमट रहीं है

### इस वजह से पूरी पार्टी जुटी हुई है एमपी में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर**। यूपी के सीएम आदित्यनाथ ने मध्यप्रदेश में चुनावी सभा के दौरान कहा की समस्या समाप्त करनी है, तो कांग्रेस को ही समाप्त कर दो। उनके इस बयान पर अब राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ कांग्रेस नेता विवेक तंखा ने हमला बोला है। आदित्यनाथ के बयान का जवाब देते हुए विवेक तंखा ने कहा कि कांग्रेस समाप्त होगी या वो समाप्त होंगे, ये तो वक्त बताएगा। क्योंकि 75 साल में तो वो कांग्रेस को समाप्त नहीं कर पाए। 15 साल पहले तक उनको कोई जानता नहीं था। इसलिए अब उनका भी फिर से वही हाल होगा जो कि 15 साल पहले था। महागठबंधन पर यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश सिंह यादव के दिए गए बयान पर विवेक तंखा ने कहा कि वो अपनी पार्टी के प्रचार के लिए आए थे, और हो सकता है कि वहां पर उनका कंपटीशन भाजपा से न होकर कांग्रेस से होगा इसलिए वह ऐसी बातें कह रहे होंगे। विवेक तंखा ने यह तक डाला कि यहां पर भाजपा तीसरी पार्टी बन कर रह गई है। इसलिए अखिलेश यादव यहां आकर वह ऐसी बातें कह रहे हैं। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में देश के प्रधानमंत्री से लेकर कई केंद्रीय मंत्री और कई राज्यों के मुख्यमंत्री प्रचार प्रसार कर रहे हैं। इस पर राज्यसभा सांसद विवेक तंखा ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि, मुझ यह पता चला है कि बीजेपी की हाईकमान ने सर्वे करवाया था। उसमें मुश्किल से उन्हें 40 सीट ही मिल रहीं है। यही वजह है कि मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में पूरी भाजपा एक्टिव हो गई है। राज्यसभा सांसद का कहना है कि गुजरात के बाद मध्यप्रदेश भाजपा की शाखा बना हुआ है। यही कारण है कि भाजपा ने पूरी ताकत यहां झोंक दी है।

## नरसिंहपुर में योगी आदित्यनाथ ने कहा-

# कांग्रेस देश की समस्या है, उसी ने देश का विभाजन कराया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नरसिंहपुर**। विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री नरसिंहपुर विधानसभा के करेली में पहुंचे। यहां उन्होंने आमसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस देश की समस्या है, देश का विभाजन कांग्रेस ने कराया। कांग्रेस नहीं चाहती थी कि राम मंदिर और सोमनाथ मंदिर का पुनरोद्धार हो। हम सब आभारी हैं प्रधानमंत्री मोदी के जिनके कारण केदारलोक बना, मध्यप्रदेश में महाकाल लोक। आज हम विकास के कार्यों को गति प्रदान कर रहे हैं, भाजपा सरकारें आम जनमानस की मनोस्थिति के काज कर रही हैं। गरीब कल्याण की योजनाओं पर काम हो रहा है, हर घर शौचालय बने, घर बना, उज्ज्वला योजना, बिजली यह सब कांग्रेस भी दे सकती थी पर एक परिवार को इसका लाभ मिला है।

### राम मंदिर के लिए आमंत्रित करने आया हूं

योगी ने कहा कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस के लिए कोई जगह नहीं है, इसलिए राहुल गांधी केदारनाथ पहुंच चुके हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस की अराजकता के खिलाफ प्रह्लाद पटेल ने संघर्ष किया। रामजन्मभूमि के लिए जब अभियान चला तो प्रह्लाद पटेल की दाढ़ी बढ़ी थी, उनका संकल्प था कि जब तक राम इच्छा पूरी नहीं होगी तब तक दाढ़ी नहीं बनाऊंगा। अब तो भगवान राम का मंदिर बनकर तैयार है मैं इस धरा पर आपको राम जन्मभूमि से आमंत्रित करने आया हूं।

## ◆ चौरई में कांग्रेस पर बरसी स्मृति ईरानी

# भाजपा सरकार की योजनाओं का किया बखान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा**। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी चौरई पहुंची, जहां उन्होंने गुड़ मंडी में भाजपा प्रत्याशी लखन वर्मा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार की उपलब्धि गिनाई, वहीं उन्होंने कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। यहां आयोजित आमसभा में कहा कि जब केंद्र में सोनिया गांधी रिमोट कंट्रोल से सरकार चलाती थी। उस समय 1250 रुपए में सिलेंडर मिलता था, उन्होंने कहा कि उनके दामाद भेजो किसने की जमीन ड़क़ते हैं प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान है जो गरीबों को जमीन दे रहे हैं बस यही फर्क है। गुड मंडी में आयोजित जनसभा में कांग्रेस सरकार पर स्मृति ईरानी ने जमकर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस के पास जब सत्ता थी तब उन्होंने कभी गरीब के बेटी के कन्यादान की व्यवस्था तक नहीं की। उन्होंने मुद्रा लोन योजना की तारीफ करते हुए कहा कि एक समय था जब कांग्रेस राज्य में बड़े व्यापारियों को कर्ज दिया जाता था आज मोदी राज्य में सभी वर्ग के छोटे व्यापारियों को भी कर्ज दिया जा रहा है।

# शाजापुर जिले में धारा 144 लागू

### 14 नवंबर को जनसभा करेंगे पीएम मोदी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शाजापुर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 नवंबर के शाजापुर में संभावित कार्यक्रम को देखते हुए कलेक्टर ने जिले में धारा 144 लगाई हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी किशोर कन्याल द्वारा जन सामान्य के हित, जानमाल, लोकशांति एवं लोक व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत् जिले की शाजापुर तहसील क्षेत्र के लिए आदेश जारी किए हैं। अति विशिष्ट व्यक्ति की जेड-प्लस सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कार्यक्रम स्थल से 2 किलोमीटर की परिधि में ड्रोन, पैराग्लाईडर, हॉट बलून और अन्य फ्लाइंग ऑबजेक्ट के उडऩे पर प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही भ्रमण स्थल को रेड और नो फ्लाइंग जोन घोषित भी किया गया है। आदेश 14 नवम्बर 2023 को प्रभावशील रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन पाए जाने पर दोषी व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार भारतीय दंड विधान की धारा 188 के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी

## कलेक्टर ने 8 लोगों को जिलाबदर किया

**उज्जैन**। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के आठ व्यक्तियों को आगामी 6 माह के लिए तत्काल प्रभाव से जिला बदर करने के आदेश जारी किये हैं। जिन आठ व्यक्तियों को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया है, उनमें आबिद आजम पिता अजीज आजम, राहुल उर्फ बाला पिता दयाराम चोहान, कय्यूम पिता अब्दुल वहाब, फयाज लाला पिता अब्दुल वहाब, राहुल पिता नारायणसिंह पंवार, समीर उर्फ समीरूद्दीन पिता सलीमुद्दीन, सत्यनारायण पिता पूनमचंद पाटीदार और नासीर पिता यासीन शाह शामिल हैं।

Uttarakhand

# उत्तरकाशी समेत इन इलाकों में बढ़ेगी ठंड, बारिश के साथ बर्फबारी के आसार



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** उत्तराखंड में मौसम पल पल करवट लेता नजर आ रहा है। एक तरफ जहां मैदानी इलाके शुष्क हैं तो वहीं पहाड़ों का मिजाज इसके ठीक उलट दिखाई दे रहा है। यहां बर्फबारी और बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग ने आगे भी कई इलाकों में बारिश और बर्फबारी का अनुमान जताया है। बुधवार को केदारनाथ में बर्फबारी होने के बाद मौसम विभाग ने पहाड़ी जिलों में हल्की बारिश के आसार जताए हैं। साथ ही 4000 मीटर से ऊपर बर्फबारी भी हो सकती है। ऐसे में तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है।

वहीं मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा। दून में तापमान सामान्य से दो डिग्री ऊपर चल रहा है। रात को ठंड बढ़ने लगी है। ऐसे में डॉक्टरों ने लोगों को सेहत के प्रति सावधानी बरतने और ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी है।

मौसम विभाग ने जिन इलाकों में भारी बारिस की संभावना जताई है, उनमें उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, चमोली व पिथौरागढ़ जनपद के ऊचाई वाले क्षेत्र शामिल हैं। इन इलाकों में गर्जन के साथ बारिश के आसार जताए गए हैं।

इसके अलावा मौसम विभाग ने कुछ ऊंचाई वाले क्षेत्रो में बर्फबारी की आशंका भी जताई है. बता दें, मौसम का मिजाज बदलते ही पहाड़ो पर लगातार बर्फबारी का दौर जारी है। एक दिन पहले ही केदारनाथ धाम में भी बर्फबारी देखने को मिली है. एक तरफ जहां कई लोग इस मौसम का लुत्फ उठाते नजर आए तो कई लोगों को परेशानी भी झेलनी पड़ी.

Bihar

## बिहार के लड़कों से ज्यादा स्कूली लड़कियों में तंबाकू और सिगरेट की लत, सर्वे में चौंकाने वाला खुलासा

**भागलपुर, (एजेंसी)** सुनने-पढ़ने में थोड़ा अजीब लग रहा है, लेकिन सच्चाई यही है कि बिहार की बेटियां (स्कूली किशोरियां) तंबाकू के सेवन करने में यहां के लड़कों से कहीं आगे जा रही हैं। हालांकि बिहार की बेटियां जब आगे जाकर परिपक्व बनती हैं तो तंबाकू से तौबा कर लेती हैं। ये बातें देशभर में कराए गए ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे में उभरकर सामने आई। इस सर्वे में राज्य के 35 स्कूल में पढ़ने वाले 13 से 15 साल के 3184 छात्रों को शामिल किया गया। 35 स्कूल में से 31 स्कूल सरकारी तो चार स्कूल निजी थे। हालांकि इनमें से इस सर्वे में पूछे गए सवाल आदि से रूबरू 2748 छात्र ही हुए।

भागलपुर स्थित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के मनोरोग विभाग के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार भगत स्कूली छात्रों में नशा के प्रति बढ़ रही इस आदत को खुद को परिपक्व और मॉडर्न दिखाने की चाहत से जोड़ते हैं। यह सर्वे 2019 में किया गया था। सर्वे में 7.3 प्रतिशत स्कूली छात्र किसी भी प्रकार का तंबाकू सेवन करते पाए गए। 6.6 प्रतिशत किशोर किसी भी प्रकार का तंबाकू का सेवन

Maharashtra

## नाक की हड्डी का ऑपरेशन करवाने गए 27 साल के युवक की मौत

**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के रहने वाले सिद्धार्थ काटकर अपने नाक की हड्डी बढ़ने से परेशान थे और इसका इलाज करवा रहे थे लेकिन कोई भी इलाज सफल नहीं हो रहा था. आखिरकार डॉक्टर ने उन्हें ऑपरेशन कराने की सलाह दी, इसके बाद पनवेल के लाइफ लाइन अस्पताल में सिद्धार्थ काटकर का ऑपरेशन होना था लेकिन ऑपरेशन टेबल पर ही सिद्धार्थ कट करने दम तोड़ दिया. 6 नवंबर को सिद्धार्थ पनवेल के लाइफ लाइन अस्पताल में अपने नाक की हड्डी बढ़ाने का ऑपरेशन करवाने के लिए एडमिट हुए. ऑपरेशन करने से पहले पेशेंट को एनेस्थीसिया दिया जाता है, एनेस्थीसिया का डोज देते ही सिद्धार्थ ने ऑपरेशन टेबल पर ऑपरेशन शुरू होने से पहले ही दम तोड़ दिया. इसके बाद परिवार वालों ने लाइफ लाइन हॉस्पिटल के खिलाफ पनवेल शहर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई और इस पूरे मामले की जांच की मांग की.

New Delhi

## दिल्ली की सड़क पर आधा घंटे तक खूनी खेल: चार दोस्तों ने तीन भाइयों को चापड़ और छुरी से काटा, एक की मौत; दो घायल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश की राजधानी दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में रविदास मार्ग पर बुधवार रात को खूनी खेल खेला गया। चार हमलावर चापड़ और छुरी से तीन भाइयों पर ताबड़तोड़ हमला करते रहे। घायल होने के बावजूद तीनों भाइयों ने घटनास्थल से करीब 300 मीटर दौड़कर जान बचाने की कोशिश की।

एक भाई आजाद भागते हुए गिर गया और उसकी मौके पर मौत हो गई। शादाब व एक अन्य भाई को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। हालांकि दक्षिण पूर्व जिला पुलिस ने चारों आरोपियों को गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर लिया था। इस घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई है।

दक्षिण पूर्व जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह घटना रात करीब 11:40 पर रविदास मार्ग पर हुई। यहां पर झुग्गी बस्ती में रहने वाले आजाद का शिवम नाम के आरोपी से मछली मार्केट के पास झगड़ा हो गया था। शिवम मछली मार्किट के पास से कुछ सामान खरीद रहा था।

इस पर आजाद और उसके भाई शादाब और एक अन्य ने शिवम पर हमला कर दिया और उसकी बुरी तरह पिटाई कर दी। शिवम के साथी सौरभ, जुनैद और सनी आसपास ही मौजूद थे।

खेल

# स्टोक्स के विश्व कप में पहले शतक से इंग्लैंड जीता चैंपियंस ट्रॉफी की उम्मीदें कायम, नीदरलैंड बाहर

पुणे। बौन स्टोक्स के विश्वकप में पहले शतक की बदौलत इंग्लैंड ने नीदरलैंड को 160 रन से हराकर 2025 की चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने की उम्मीदें कायम रखी हैं। स्टोक्स ने 84 गेंद में छह चौकों और छह छक्कों की मदद से 108 रन की पारी खेली और इंग्लैंड को नौ विकेट पर 339 के योग पर पहुंचाया। इस विश्वकप में दूसरी बार इंग्लैंड ने तीन सौ से अधिक रन बनाए। इससे पहले उसने बांग्लादेश के खिलाफ नौ विकेट पर 364 रन बनाए थे।

पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में बुधवार (आठ नवंबर) को बेन स्टोक्स ने क्रिस वोक्स (51) के साथ सातवें विकेट के लिए 81 गेंद में 129 रन की साझेदारी की। 340 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड की पारी 37.2 ओवर में 179 रन पर सिमट गई।

नीदरलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही। उसके 13 रन पर शुरुआती दो विकेट गिर गए।



2011 के विश्वकप में इंग्लैंड के खिलाफ 29 रन बनाने वाले वेस्ले बर्रेसी 37 रन बनाकर संघर्ष किया। बीच के ओवरों में साइब्रांड ने 33 और स्कॉट एडवड्र्स ने 38 रन की पारियां खेलीं। नाबाद 41 रन बनाने वाले तेजा निदामानुरु को अन्य बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला। नीदरलैंड के अंतिम 5 विकेट पर 16 रन पर गिर गए। आदिल रशीद और मोइन अली ने तीन-तीन विकेट लिए।

जोस बटलर ने लगातार छठी बार टॉस जीता और इस बार पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। डेविड मलान और जॉनी बेयरस्टो (15) ने तेज 48 रन जोड़े। बेयरस्टो के आउट होने के बाद मलान ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी। उन्होंने जो रूट के साथ 80 गेंद में 85 रन की साझेदारी की। मलान ने इस दौरान वनडे में अपना सातवां अर्धशतक लगाया। दोनों की साझेदारी के दौरान इंग्लैंड विशाल स्कोर की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा था, लेकिन यहां 35 गेंद में 28 रन बनाने वाले जो रूट ने रिवर्स हिट लगाने का प्रयास किया और गेंद उनके पैरों के बीच से निकलकर स्टंप से लग गई। 10 गेंद बाद मलान भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रनआउट हो गए। मलान ने 74 गेंद में 10 चौकों और दो छक्कों की मदद से 84 रन की पारी खेली।

रूट के आउट होने से पहले इंग्लैंड का स्कोर एक विकेट पर 133 रन था, लेकिन अगले 15 ओवर में उसने 59 रन पर पांच विकेट खो दिए। 35.2 ओवर में इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 192 रन था। आउट होने वाले कप्तान बटलर भी थे। वह सिर्फ 5 रन बना पाए। यहां से स्टोक्स को वोक्स का साथ मिला। पहले उन्होंने 58 गेंद में अपना लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद उन्होंने तगड़े प्रहार शुरू किए। अगली 20 गेंदों पर उन्होंने अपना शतक पूरा कर लिया। 73 गेंद में दोनों बल्लेबाजों ने अपनी शतकीय साझेदारी पूरी कर इंग्लैंड को तीन सौ के पार कराया। यह उनका वनडे में पांचवां शतक रहा। वहीं वोक्स ने 45 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 51 रन की पारी खेली।

सिनेमा

## रश्मिका मंदाना के डीपफेक वीडियो पर गुस्सा हुए विजय देवरकोंडा, कहा- किसी और के साथ ना हो



रश्मिका मंदाना का हाल ही में डीपफेक वीडियो वायरल हुआ है जिससे वह काफी दुखी हैं। अब तक इस मामले में कई सेलेब्स के रिएक्शन आ चुके हैं और अब विजय देवरकोंडा ने भी अपनी बात रखी है। विजय ने रश्मिका की फोटो के साथ लिखे एक कैप्शन को शेयर किया है जिसमें लिखा है कि एक्ट्रेस का डीपफेक वीडियो बनाने वालों पर एक्शन लिया जा रहा है। इसे शेयर करते हुए विजय ने एक मैसेज भी लिखा है।विजय ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, 'ये फ्यूचर के लिए काफी जरूरी स्टेप है। ऐसा किसी और के साथ नहीं होना था। इसके साथ ही, साइबर विंग के जरिए तुरंत कार्रवाई और सजा हो, जिससे लोग और सुरक्षित रह सकें।'

बता दें कि सबसे पहले इस मामले में अमिताभ बच्चन ने रिएक्ट किया था और इसके खिलाफ सख्त एक्शन की मांग की थी। उन्होंने लिखा था, ये एक स्ट्रॉन्ग केस है लीगल के लिए। वहीं रश्मिका ने बिग बी के ट्वीट पर लिखा था, थैंक्यू सर मेरे लिए खड़े रहने के लिए। आपके जैसे लीडर्स जैसे वाले देश में मैं बहुत सुरक्षित महसूस करती हूं।

## संपादकीय

### बेतुका बयान

इसमें कोई दो राय नहीं कि शिक्षा के प्रसार के साथ महिलाओं के बीच जागरुकता बढ़ी है, कई स्तरों पर उनका सशक्तीकरण हुआ है। समाज की गतिविधियों में उनकी भूमिका का विस्तार हुआ है और परिवार के महत्त्वपूर्ण फैसलों में भी उनका दखल बढ़ा है। महिलाओं की काबिलियत और उपलब्धियों को दर्ज किया जाना चाहिए। हालांकि अगर कोई व्यक्ति संवेदनशील और सचेत है, तो वह किसी भी जगह अपनी बोली को बेलगाम नहीं होने देगा, बल्कि इसे अपने व्यक्तित्व की सहज अभिव्यक्ति में समाहित करेगा। मगर नीतीश कुमार ने इसका ध्यान रखना तब भी जरूरी नहीं समझा, जब वे बाकायदा मुख्यमंत्री के रूप में सदन में बोल रहे थे। गौरतलब है कि मंगलवार को उन्होंने जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए महिलाओं के बीच शिक्षा के महत्त्व पर जोर देते हुए विधानसभा में एक विवरण रखा कि कैसे एक शिक्षित महिला प्रजनन दर कम करने और जनसंख्या नियंत्रण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह एक सकारात्मक पक्ष है, जिसकी अपनी अहमियत है। मगर इसके महत्त्व को दर्ज करते हुए उन्होंने जिस भाषा का प्रयोग किया, वह पूरी तरह अवांछित और अनपेक्षित था। इसे एक तरह से मर्यादा को ताक पर रखना कहा जा सकता है। यह बेवजह नहीं है कि सदन में उपस्थित सदस्यों सहित इस बयान को सुनने वाले सभी व्यक्ति को उनकी यह बात बेहद अमर्यादित और अपमानित करने वाली लगी और इसके विरुद्ध आक्रोश उभरा। राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज की। विपक्षी दलों की ओर से स्वाभाविक ही नीतीश कुमार के बयान को लेकर तीखा विरोध किया गया और माफी की मांग की गई। हालांकि मामले के तूल पकड़ने के बाद नीतीश कुमार ने जिस तरह अपने बयान के लिए माफी मांगी, उससे समझा जा सकता है कि उन्हें अपनी गलती का अहसास है, लेकिन इससे यही जाहिर हुआ है कि किसी जरूरी बात को कहने के लिए अगर भाषा और शब्दों का चुनाव उचित नहीं है, तो वह बात न सिर्फ अपना अर्थ खो दे सकती है, बल्कि अपने संदर्भ के विपरीत नतीजे भी दे सकती है। नीतीश कुमार के बयान को इसी आलोक में देखा जा सकता है। ख़ासतौर पर इसलिए भी कि विधानसभा ऐसी जगह होती है, जहां एक-एक शब्द बोलते हुए कानून से लेकर समाज तक के हर पहलू का ध्यान रखना पड़ता है। ऐसे अनेक मौके आते हैं जब विधानसभा या किसी भी सदन में जब कोई जनप्रतिनिधि बेलगाम या अवांछित भाषा का प्रयोग करता है तो उस पर आपत्ति दर्ज की जाती है, उसे सदन की कार्रवाई से हटा भी दिया जाता है।

**अर्ज़ किया है..!**

*तुम पसंद आये*
*ये इत्तेफाक था,*
*तुम ही पसंद रह गये*
*ये इश्क है..*




MORARI BAPU

**जो आडंबर और अहंकार से मुक्त वो आध्यात्मिक व्यक्ति है....**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

**धर्म-कर्म**

# धनतेरस पर सोना-चांदी, बर्तन और इलेक्ट्रॉनिक्स सामान खरीदने का शुभ मुहूर्त कब से तक तक

धनत्रयोदशी यानी कि धनतेरस इस साल बहुत ही शुभ हस्त नक्षत्र में मनाई जाएगी। हस्त नक्षत्र के स्वामी आदि ग्रह चंद्रमा हैं। लिहाज़ा इस साल की धनत्रयोदशी आर्थिक और राजनीतिक उथल-पुथल, बेचैनी, संवेदनशीलता, करुणा, उग्रता, प्रेम, दया, और कला को अपने अंदर समेटे होगी। 10 नवंबर को दिन के 12 बजकर 35 मिनट तक द्वादशी रहेगी और उसके पश्चात तेरस तिथि शुरू होगी। 10 नवंबर को को पूरे दिन हस्तनक्षत्र रहेगा। शाम के 5 बजकर 2 मिनट तक विष्कुंभ योग और उसके बाद पृथी योग लगेगा। उदया तिथि 11 नवंबर को है पर धन त्रयोदशी का मान 10 नवंबर को ही होगा। हस्त नक्षत्र में लक्ष्मी-कुबेर का पूजन, जहां आर्थिक स्थिरता पर अजीब असर डालेगा, वहीं निकट भविष्य में विचित्र आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियों का साक्षी बनाएगा।

## धनतेरस पर चौघड़िया मुहूर्त

सूर्योदय से सूर्यास्त तथा सूर्यास्त से सूर्योदय के बीच का काल 30-30 घटी यानी घड़ी में मापा गया है। 30 घटी को अष्ट अंग में बांटने पर दिन और रात की 8-8 चौघड़िया प्राप्त मिलती हैं। प्रत्येक चौघड़िया लगभग 4 घटी का होता है, इसलिए इसे चौ अर्थात चार + घड़िया, घटी, या बेला के नाम से संबोधित किया जाता है। इसे चतुर्शितका भी कहते हैं।

लक्ष्मी हमेशा हिसाब किताब यानी बही खाते में निवास करती हैं। धन त्रयोदशी पर बही खाता यानी पुस्तक खरीदने और उसके पूजन का विशेष महत्व है। बही खाता, चोपड़ा यानी खाता लिखने वाली पुस्तक का क्रय शुभ चौघड़िया में ही करना चाहिए। धन त्रयोदशी पर रजत अर्थात् चांदी ख़रीदना भाग्योदय कारक है। इस दिन ख़रीदे हुए रजत में नौ गुणा वृद्धि होती है। सोना चांदी और अन्य धातु वृष लग्न में खरीदना चाहिए। मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स सामान, शुभ-चौघड़िया, उद्वेग-चौघड़िया और कुंभ लग्न में घर लाना शुभ है।

कार या बाइक शुभ चौघड़िया, कुंभ लग्न, चर-चौघड़िया या वृषभ-लग्न में क्रय किया जा सकता है। म्यूचूअल फ़ंड और शेयर शुभ चौघड़िया, लाभ चौघड़िया और कुंभ लग्न में क्रय करना चाहिए।

इस दिन हथियार, विस्फोटक सामग्री या



अनावश्यक वस्तुयें कदापि नहीं ख़रीदनी चाहिए।

## धनत्रयोदशी पर शुभ चौघड़िया: इस समय खरीदारी करना होगा शुभ

**चर चौघड़िया**- सुबह 6 बजे से 7 बजे तक।

**लाभ चौघड़िया**- सुबह 7.30 से 9 बजे तक।

**अमृत चौघड़िया**- सुबह 9 बजे से 10.30 बजे तक।

**शुभ चौघड़िया**- दोपहर 12 बजे से 1.30 बजे तक।

**शाम की चर चौघड़िया**- शाम को 4.30 से 6 बजे तक।

**शाम की लाभ चौघड़िया**- रात 9 बजे से 10.30 तक।

## धनत्रयोदशी पर अशुभ चौघड़िया : इस समय भूलकर भी न करें खरीदारी

**काल चौघड़िया**- सुबह 10.30 से दोपहर 12 बजे तक।

**रोग चौघड़िया**- दोपहर में 1.30 से 3 बजे तक।

**उद्वेग चौघड़िया**- दोपहर 3 बजे से 4.30।

**रोग चौघड़िया**- शाम को 6 बजे से 7.30 तक।

**काल चौघड़िया**- रात को 7.30 से 9 बजे तक।

**उद्वेग चौघड़िया**- रात को 10.30 से 12 बजे तक।

## धनतेरस खरीदारी मुहूर्त, किस चौघड़िया में क्या खरीदें

**चर चौघड़िया**- वाहन, हीरा, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान खरीदने के लिए शुभ मुहूर्त।

**लाभ चौघड़िया**- तांबे के बर्तन, सोना और इलेक्ट्रॉनिक्स सामान खरीदने के लिए शुभ मुहूर्त।

**अमृत चौघड़िया**- चांदी, पीतल, सोना और प्रॉपर्टी की डील करने के लिए शुभ मुहूर्त।

**शुभ चौघड़िया**- सोना, पीतल और जमीन खरीदने के लिए शुभ मुहूर्त।

## धनतेरस पर राहुकाल का समय

राहुकाल प्रातः 10.30 से लगभग 12 बजे तक रहेगा। धनतेरस पर वृषभ लग्न में कुबेर और लक्ष्मी का पूजन श्रेयस्कर होगा। भगवान धन्वंतरि को हिंदू धर्म में देव वैद्य का पद प्राप्त है। लिहाज़ा, उत्तम स्वास्थ्य के लिए धन्वंतरि पूजन अमृत चौघड़िया, लाभ चौघड़िया, धनु लग्न या कुंभ लग्न में करना चाहिए।

## धनतेरस पर क्या करें

1. सूर्यास्त के पश्चात अकाल मृत्यु से बचने के लिए घर के मुख्य द्वार पर बाहर की ओर 4 बातियों का दीप दान यानी दीप का प्रज्जवलन करना चाहिए।
2. इस दिन रात में उत्तम स्वास्थ्य के लिए भगवान धन्वन्तरि तथा समृद्धि के लिए कुबेर के संग लक्ष्मी, गणेश व विष्णु का पूजन करके भगवती लक्ष्मी को नैवेद्य में इत्र, धनिया, गुड़ व धान का लावा अर्पित करना चाहिए।
3. रात्रि में ध्यान में मग्न होकर माता लक्ष्मी, कुबेरजी और भगवान धन्वन्तरि का ध्यान करते हुए भजन करना चाहिए। ।

## Highlights

- **Kerala govt moves SC over HC dismissing plea on Guv delaying bills**
- **UP Police assaulted, uniform torn while probing harassment case**
- **Indian student who was stabbed in the head at US gym dies**
- **Pay 3rd One Rank One Pension payment before Diwali: Rajnath to MoD**
- **Man instigates elephant by pulling its tail in Odisha, arrested after video goes viral**
- **Law used as weapon to create a chilling effect: NewsClick to HC**

# OnePlus Pad Go is all about refined versatility, rare in budget Android tablets

**NEW DEIHI, (Agency).** About time. Android tablets, particularly towards the more affordable end of the price spectrum, needed to hit the reset button. Those underpowered options from Samsung and Lenovo just weren't cutting it anymore. Options that cannot be recommended. It has taken time, but the reset is very much happening. First the Xiaomi Pad 6 (that's now ₹24,999 onwards, after some price corrections), indicative of a new approach in the mid-range price band. If you would still like to spend a bit lesser still, OnePlus' second tablet, the OnePlus Pad Go priced ₹19,999 onwards makes things interesting.

More than anything else, it is the ease with which the OnePlus Pad Go follows the footsteps of the very impressive and more powerful sibling, the OnePlus Pad, is notable. There are similarities to the personality, a clear sign OnePlus is trying to build a recognisable family. It'll pay dividend, with



the passage of time. Attention this time, right down to the green colour, though in different shades and tonality. But of course, pricing differences (as you'd compare between the two OnePlus tablets nonetheless) do dictate aspects such as how thick a bezel around the screen would be. Or how big a screen and battery capacity you'd work with.

For all intents, the OnePlus Pad Go's truest competition is the Xiaomi Pad 6, an impressive coming together of all things combining Android and a tablet (two that haven't been easy to cobble together an experience with). In that respect, footprint remains largely similar, though the OnePlus Pad Go has a slightly bigger screen (11.35-inches compared with 11-inches) but is a tad heavier too in your backpack (532 grams versus 490 grams).

It is worth noting that price revisions and discounts now peg the Xiaomi Pad 6 in this price band – it started out much closer to ₹30,000 than ₹20,000 as it is now. The inception leads to a perception of better value, because it was originally priced half a segment above. Not that the OnePlus Pad Go falls short on performance or experience, it is simply having to punch above its weight.

# In fresh Amazon layoffs, roles eliminated in Music division

**NEW DEIHI, (Agency).** Amazon.com Inc. is cutting jobs in its music division, which encompasses the retail giant's audio streaming platform and digital storefront for songs, as Chief Executive Officer Andy Jassy continues to reduce expenses throughout the company.

The jobs targeted are in Amazon Music's editorial and audio content team, said people familiar with the matter,



who asked not to be named because the details are private. It was unclear how many positions are affected.

We're now on WhatsApp. Click to join.

"Like many businesses, we have been closely monitoring our organizational needs and prioritizing what matters most to customers and the long-term health of our businesses," said an Amazon spokesperson. "As a result, some roles have been eliminated on the Amazon Music team. We will continue to invest in Amazon Music, and spend our resources on the products and services that matter most to customers,

# अलग-अलग सड़क हादसों में 2 की मौत 1 घायल

◆ रेत के डंपर ने मंदसौर के व्यापारी को मारी टक्कर; चालक की तलाश जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बुधवार से गुरुवार सुबह तक हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। घायल को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है।**

रावजी बाजार इलाके के लोहामंडी ब्रिज पर गुरुवार सुबह लगभग 5 बजे शिवम (18) निवासी खातेगांव और तौशीक पिता दयाराम निवासी देवास को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दोनों को एमवाय अस्पताल लेकर आया गया। यहां डॉक्टरों ने शिवम को मृत घोषित कर दिया।तौशीक की हालत गंभीर है। पुलिस दोनों के परिवार से संपर्क करने में जुटी है।

उधर, देवगुराडिया में बुधवार दोपहर विनोद (23) पुत्र राय सिंह बंजारा निवासी गरोठ बंजारी मंदसौर को बाइक से जाते समय रेत के डंपर ने टक्कर मार दी थी। गंभीर हालत में विनोद को एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुरुवार सुबह विनोद की मौत हो गई। विनोद कंबल बेचने का काम करता था। व्यापार के सिलसिले में ही वह इंदौर आया था। रिश्तेदारों ने बताया कि विनोद की शादी पांच साल पहले हुई थी। परिवार में चार बहनों के बीच वह इकलौता भाई था। पुलिस के मुताबिक टक्कर मारने वाले डंपर की तलाश की जा रही है।

# पुलिस की 3 कंपनियों का फ्लैग मार्च

**चुनाव के पहले अलर्ट, अब तक चार बार भ्रमण कर चुके जवान**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू की कोतवाली पुलिस ने बुधवार शाम को फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान शहर की निचली बस्तियां सायरन की आवाज से गूंज उठी। विधानसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता के दौरान पुलिस व प्रशासन ने मिल कर फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है।**

यह फ्लैग मार्च मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने और निर्भीक हो कर अपना वोट देने के लिए प्रेरित करने को लेकर निकाला। इस फ्लैग मार्च में पैरामिलिट्री का फोर्स और सीआईएसएफ के जवान भी शामिल हुए। यह फ्लैग लाल जी की बस्ती गुजरखेड़ा सहित अन्य क्षेत्रों में निकाला गया जो कोतवाली थाने पर समाप्त हुआ। फ्लैग मार्च के साथी महू तहसील की पुलिस रोजाना चेकिंग पॉइंट लगाकर वाहनों की चेकिंग भी कर रही है।

## अवैध शराब जब्त, ढाबा संचालक पुलिस हिरासत में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** विधानसभा चुनाव और आचार संहिता के तहत औद्योगिक नगरी पीथमपुर के मुंबई-आगरा फोर लेन मार्ग स्थित ढाबों और होटलों पर बीती रात पुलिस ने छापामार कार्रवाई की है। पीथमपुर नगर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा, तीनों थाना प्रभारीयों के सहित पीथमपुर के सभी होटल और ढाबों पर छापामार कार्रवाई करने पहुंचे। इस दौरान कई होटल और ढाबों से अवैध शराब भी जब्त की गई। वहीं होटल और ढाबों संचालक को गिरफ्तार कर थाने भेजा और कुछ को समझाइश देकर छोड़ा गया। मौके पर कार्रवाई करने पहुंचे नगर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र अवैध शराब बिक्री की लगातार शिकायत प्राप्त हो रही थी। कई होटल और ढाबों से अवैध शराब पीते और बेचते हुए पकड़ी है। सभी आरोपियों को थाने भेजा है, उन सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं कुछ होटल मलिक और ढाबा संचालक को हिदायत देकर छोड़ा गया। इसी प्रकार क्षेत्र में लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

## मिलावट पर सख्ती- जांच के लिए बाजारों में उतरी मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब

### मिर्च और हल्दी पाउडर से लेकर कई तरह की मिलावट पकड़ाई

**इंदौर।** शहर में शुद्ध खानपान की स्थिति को जांचने के लिए लाई गई चलित मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब (एमएफटीएल) का फायदा इस बार त्योहारी सीजन में मिल रहा है। इस टेस्टिंग लैब को इंदौर में तीन वर्ष पूर्व लाया गया था। इस लैब में पानी समेत 102 तरह के खाद्य पदार्थों या पेय पदार्थों में मिलावट की जरा भी आशंका होने पर यह लैब तुरंत वहां पहुंचकर मात्र 10 रुपए में जांच कर रिजल्ट देती है।

शुरुआती समय में तो यह लैब खूब दौड़ी, लेकिन पिछले कुछ समय से चलित लैब की रफ्तार पर ब्रेक लग गया था। हाल ही में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने एक बार फिर से लैब को दौड़ाया है। इसमें शहर में बिकने वाले रंगयुक्त खाद्य पदार्थ जैसे दूध, मिर्च, हल्दी, सौंफ आदि की जांच की जा रही है। जांच में रंग मिलने पर हाथोहाथ खाद्य पदार्थों को जब्त किया जा रहा है। साथ ही सैपल लेकर विधिवत जांच के लिए भोपाल स्थित खाद्य प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं।

### अब तक लिए छह हजार से ज्यादा सैंपल

इंदौर को यह लैब सितंबर 2020 में मिली थी। इंदौर पहुंचने के बाद इस लैब को पूरे शहर समेत आसपास के जिलों में भी पहुंचाया गया। साथ ही यह लैब सालभर लगातार अलग-अलग जगहों पर जाकर शुद्ध खानपान का परीक्षण करती है। पिछले तीन वर्ष में छह हजार यानी सालभर में करीब दो हजार सैंपलों की जांच की गई। अगस्त से अब 376 सैंपलों की जांच लैब में हुई, इनमें चार सैंपल फेल निकले।

### जांच में 97.5 प्रतिशत सैंपल पास

उक्त मोबाइल लैब में जांच के लिए कुल पांच हजार से ज्यादा सैंपलों में से अब तक 200 से ज्यादा सैंपल फेल निकले हैं। यानी जांच में करीब 97.5 प्रतिशत सैंपल पास हुए हैं। हालांकि विभाग खुद ही इस मोबाइल लैब में जांचे गए सैंपलों की रिपोर्ट को प्रामाणिक नहीं मानता, इसलिए फेल हुए सैंपलों को जांच के लिए फिर से लेकर मुख्य जांच लैब भेजा जाता है।

# युवती और बहन पर धर्म परिवर्तन का दबाव

**इंस्टा पर फोटो पोस्ट कर किए अश्लील कमेंट, छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कनाडिया पुलिस ने 24 साल की शादीशुदा युवती की शिकायत पर उसकी मां के दोस्त के खिलाफ छेड़छाड़, इंस्टाग्राम पर फर्जी पोस्ट करने और धर्म परिवर्तन को लेकर दबाव बनाने के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी का युवती की मां के घर पर आना-जाना था। इसके चलते उसने संबंध बनाने का दबाव बनाया और अपनी मांग मनवाने के लिए धमकाता रहा।**

कनाडिया पुलिस के मुताबिक बिचौली मर्दाना में रहने वाली युवती की शिकायत पर रहीम पिता सहराज खान, निवासी पानी की टंकी, बड़ला नगर खजराना के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। युवती के मुताबिक उसकी मां साईनाथ कॉलोनी में रहती है। 2019 से मां की आरोपी से पहचान है। 23 अक्टूबर 2023 को उसकी बहन का बर्थडे था, तो वह साईनाथ कॉलोनी पहुंची। यहां रहीम खान भी आया था, जो चार्जिंग पर लगा हुआ युवती का मोबाइल लेकर चला गया। पीड़िता के पति ने जब मोबाइल मांगा तो उन्हें धमकी देकर चला गया। इसके बाद अगले दिन इंस्टाग्राम आईडी पर उसने मां का फोटो अपलोड किया। जिस पर अश्लील पोस्ट भी की। छह से सात दिन तक लगातार फोटो अपलोड करते हुए उस पर अलग-अलग कमेंट किए। इससे मां की बहुत बेइज्जती हुई। इसके बाद से लगातार समाज में गलत मैसेज जा रहा है।

पीड़िता ने बताया कि, रहीम खान मुझ पर संबंध बनाने के लिए दबाव बना रहा है। उसका कहना है कि तुम पति से तलाक ले लो में तलाक करवा दूंगा। तुम मेरे साथ रहो। हमारे धर्म में 3 से 4 शादी कर सकते हैं। उसका कहना है कि तू मुझ से शादी कर ले। वह लगातार धर्म परिवर्तन के लिए भी दबाव बना रहा है। मामले में काफी परेशान होने के बाद पुलिस में आकर शिकायत की।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।